# तेरे दर पे जाना आना रहे | By Pawan Bhardwaj

तेरे दर पे सदा जाना आना रहे
जो भी देखे मुझे दीवाना कहे

इस ज़माने से अब चाह मुझको नहीं
छूटे रूठे ये परवाह मुझको नहीं
इसके आगे कोई राह मुझको नहीं
बस तेरा और मेरा याराना रहे
जो भी देखे मुझे दीवाना कहे

लोग पागल दीवाना नचैया कहे
चाहे मुझको गवैया बजैया कहे
बैठ भक्तों में ताली बजैया कहे
मेरे मुख पे तेरा ही तराना रहे
जो भी देखे मुझे दीवाना कहे

मेरी यारी को मशहूर कर दीजिये
सारे रंजो अलम दूर कर दीजिये
जाम मस्ती का मदमस्त भर दीजिये
तेरे मंदिर को जग मैखाना कहे
जो भी देखे मुझे दीवाना कहे

आके एक बार मोहन ज़रा देख ले
मेरी रुस्वाई का माजरा देख ले
जैसा भी हूँ मैं खोटा खरा देख ले
किशन करुणा का सागर सुहाना रहे
जो भी देखे मुझे दीवाना कहे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%87-by-pawan-bhardwaj/